**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 481**
**उत्तर देने की तारीख 03 दिसम्बर, 2025**

**ओडिशा के बारगढ़ और झारसुगुड़ा में मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी**

**481. श्री प्रदीप पुरोहितः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि ओडिशा के बारगढ़ और झारसुगुड़ा जिलों के कई क्षेत्रों में खराब मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी बना हुआ है, जिससे संचार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणालियां प्रभावित हो रही हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को इन जिलों में बिना पहुंच वाले और कमजोर सिग्नल वाले स्थानों पर नए मोबाइल टावरों की मंजूरी के लिए बीएसएनएल या दूरसंचार सेवा प्रदाताओं से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान इन जिलों में स्वीकृत, स्थापित और प्रस्तावित मोबाइल टावरों की जिला-वार और योजना-वार (यूएसओएफ योजनाओं सहित) संख्या कितनी है;

(घ) क्या सरकार का इन जिलों में शतप्रतिशत मोबाइल कवरेज सुनिश्चित करने के लिए 4जी अधिकतम विस्तार परियोजना, भारतनेट या किसी अन्य केंद्रीय योजना के अंतर्गत अतिरिक्त मोबाइल टावर स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार का उक्त जिलों के सभी ग्रामीण और दूर-दराज के गांवों में नेटवर्क की कमी को दूर करने और भरोसेमंद दूरसंचार संपर्क सुनिश्चित करने का लक्ष्य कब तक पूरा करने का विचार है?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) से (ङ) अक्तूबर 2025 तक, ओडिशा के बारगढ़ और झारसुगुड़ा जिले के 1,549 गांवों (भारत के महापंजीयक के आंकड़ों के अनुसार) में से 1,545 गांवों में मोबाइल कनेक्टिविटी है और 1,528 गांवों में 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी है।

सेवा से वंचित किसी भी आबादी वाले गांव के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा तकनीकी-व्यावसायिक व्यवहार्यता के आधार पर मोबाइल कवरेज प्रदान की जाती है। सरकार डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) से वित्तपोषण द्वारा देश के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में 4जी मोबाइल टावरों की संस्थापना के माध्यम से दूरसंचार कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए विभिन्न स्कीमों का कार्यान्वयन कर रही है।

विभाग मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सेवा से वंचित गांवों में मोबाइल टावरों की संस्थापना के लिए विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त अनुरोधों की जांच करता है। समय-समय पर 4जी कवरेज के लिए डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) स्कीमों के तहत उपयुक्त स्थानों को शामिल करने पर उत्तरोत्तर विचार किया जाता है।

डिजिटल भारत निधि द्वारा वित्तपोषित विभिन्न 4जी मोबाइल स्कीमों के तहत बारगढ़ में कुल 9 टावर और झारसुगुड़ा जिले में 3 टावर चालू किए गए हैं।

*****